**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तरालेख।**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| (क) क्या कृषि विपणन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-जौनपुर, तहसील-शाहगंज के ग्राम खुदौली के सर्वोदय इण्टर कालेज के सामने अनिल उपाध्याय के घर के बगल से काशी गुप्ता के घर से होते हुए प्राइमरी स्कूल अहिरों परशुरामपुर तक मण्डी परिषद द्वारा बनाई गई सड़क जर्जर अवस्था में है जिस कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पडता है? | प्रश्नगत सम्पर्क मार्ग मण्डी परिषद द्वारा "खुदौली इण्टर कालेज से मुहम्मदाबाद तक" (लम्बाई 1.50 किमी0) के नाम से निर्मित है। गड्ढामुक्तीकरण योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 में मरम्मत का कार्य कराया गया था। वर्तमान में मार्ग मरम्मत योग्य है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त सड़क का कब तक चौड़ीकरण कराते हुए नवीनीकरण करायेंगे? | प्रदेश के समस्त सम्पर्क मार्गों की मरम्मत/अनुरक्षण हेतु "उत्तर प्रदेश ग्राम सम्पर्क मार्ग अनुरक्षण नीति, 2013" को मण्डी परिषद द्वारा अंगीकृत किया गया है। मण्डी परिषद द्वारा 03 वर्ष का डिफेक्ट लायाबिलिटी पीरियड निर्धारित है, यदि इस अवधि में कोई मरम्मत आवश्यक होती है, तो सम्बन्धित फर्म द्वारा कराई जाती है। अनुरक्षण नीति में दी गई व्यवस्था के अनुरूप 08 वर्ष पश्चात नवीनीकरण एवं 03 से 08 वर्ष की सीमा में यदि आवश्यक है तो विशेष मरम्मत का कार्य मण्डी समिति की वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत कराया जाता है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

दिनेश प्रताप सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग।